तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 समय पर कार्यालय पहुंचें अधिकारी-कर्मचारी

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विस अध्यक्ष डॉ. रमन आज शहर में

अंबिकापुर। गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित प्रदेश एक कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता सरगुजा में होंगे। इस दौरान वे शोक सभा में शामिल होंगे। बता दें कि प्रदेश के वरिष्ठ नेता और छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव की माता श्रीमती स्वर्णलता सिंहदेव का 26 दिसम्बर को निधन हो गया था। श्रीमती स्वर्णलता के निधन उपरान्त उन्हें श्रधांजली देने लोगों का तांता लगा हुआ है। इस दौरान गुरुवार को ब्रम्ह भोज व चंदन पान का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल सहित अन्य कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ नेता शामिल होने के लिए सरगुजा आ रहे है। सीएम श्री साय के आगमन को लेकर बुधवार की देर शाम एसएसपी राजेश अग्रवाल ने भी विभिन्न स्थलों का दौरा करने के साथ ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम के निर्देश दिए।

युक्तियुक्तकरण आदेश की अवहेलना पर 10 सहायक शिक्षक निलंबित

अम्बिकापुर। युक्तियुक्तकरण आदेश की अवहेलना करने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 10 सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित सहायक शिक्षकों में से कुछ का आवेदन संभाग स्तरीय समिति द्वारा अमान्य करने के बावजूद कार्यभार ग्रहण नहीं किया था। युक्तियुक्तकरण के तहत सहायक अतिशेष शिक्षकों को स्थानांतरित किया गया था। बड़ी संख्या में स्थानांतरित शिक्षकों ने हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सहायक शिक्षकों को जिलास्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया था। जिला स्तरीय समिति ने सुनवाई उपरांत अधिकांश आवेदनों को अमान्य कर दिया। शिक्षकों ने संभाग स्तरीय समिति के समक्ष भी अपनी शर्ते रखी लेकिन समिति ने आवेदनों को अमान्य कर दिया। आवेदन अमान्य होने के बावजूद सहायक शिक्षकों ने नवीन कार्यस्थल पर ज्वाइनिंग नहीं ली इस संबंध में विभाग ने शिक्षकों को दो नोटिस जारी कर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने निर्देशित किया लेकिन शिक्षकों ने आदेश का पालन नहीं किया। आदेश की अवहेलना को लापरवाही व अनुशासनहीनता मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी 10 सहायक शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित सहायक शिक्षकों में रिखी मुंडा की गीता चौधरी, बांधपारा के अजय कुमार मिश्रा, चठिरमा की सीमा सोनी, हर्रा टिकरा की अल्पना गुप्ता, विसुनपुर की मधु गुप्ता, मुड़ापारा के भीष्म सिंह, हर्राटिकरा की अंगुला श्रीवास्तव, दरिमा की निर्मला तिर्की, चिटकी पारा की विंदु जायसवाल एवं प्राशा रजपुरीखुर्द की गीता देवी शामिल हैं। डीईओ देवेश कुमार झा ने बताया कि शासन के निर्देश पर युक्तियुक्तकरण आदेश की अवहेलना करने वाले 10 सहायकों को निलंबित करने आदेश जारी किया गया है।

बच्चों के राशन का चावल बेचने पर प्रधान पाठक निलंबित

बलरामपुर। शासकीय प्राशा कन्या आश्रम डिण्डो, विकासखण्ड रामचंद्रपुर के प्रधान पाठक रामधनी सिंह के द्वारा बच्चों के हक का अनाज बाजार में बेचने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत की स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जांच कराई गई। जांच में प्रधान पाठक द्वारा एक बोरी चावल मोटर सायकल में ले जाना पाया गया। प्रधान पाठक रामधनी सिंह के द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रधान पाठक रामधनी यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

जनवरी की ठंड ने तोड़ा पिछले 15 सालों का रिकॉर्ड, बुधवार को न्यूनतम पारा पहुंचा 3.3 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रवाह से बुधवार का दिन सीजन का सर्वाधिक ठंडा दिन बन गया है। इस बार जनवरी प्रथम सप्ताह की ठंड ने पिछले 15 सालों का रिकार्ड धवस्त कर दिया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में शीतलहर के प्रवाह में कमी आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- पठारी क्षेत्रों का तापमान 1.5 डिग्री के नीचे, शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

सरगुजा में आमतौर पर दिसम्बर एवं जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इस दौरान शीतलहर का भी प्रकोप होता है लेकिन इस बार ठंड पिछले वर्षों की तुलना में अधिक कंपकपा रही है साथ ही नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। पश्चिमोत्तर से पहुंच रही बर्फीली हवाओं के प्रभाव से बुधवार को न्यूनतम में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है तथा न्यूनतम पारा 3.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। इसके पूर्व 30 दिसम्बर को सर्वाधिक कम न्यूनतम तापमान 31 दिसम्बर को रिकॉर्ड किया गया था। इस साल जनवरी प्रथम सप्ताह के न्यूनतम पारा का औसत तापमान 6.3 डिग्री है जो पिछले 15 वर्षों में सर्वाधिक कम है। इसके पूर्व वर्ष 2011 में जनवरी के प्रथम सप्ताह का न्यूनतम औसत तापमान 6.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विज्ञानी एक-दो दिन बाद रात के तापमान में वृद्धि होने के साथ ही शीतलहर के प्रभाव से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पारा में वृद्धि होने के बावजूद तापमान के 5-6 डिग्री के मध्य रहने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में जनवरी का तीसरा पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। विक्षोभ के प्रभाव से शीतलहर के प्रवाह में व्यवधान आएगा जिससे न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना है। पिछले दो दिनों से कोहरा में कमी आई है वहीं दिन में अच्छी धूप निकलने से बाहर का वातावरण कुछ गर्म हुआ है जिससे कनकनी कम हुई है। हालांकि घरों के भीतर अभी भी दिन में कनकनी युक्त ठंड बरकरार है।

नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड

इस बार नवम्बर के महीने से ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है तथा बार-बार शीतलहर चलने से जनजीवन प्रभावित है। कड़ाके की ठंड से लोगों को स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस बार नवम्बर में 11 से 19 नवम्बर तक न्यूनतम पारा में रिकॉर्ड कमी दर्ज की गई थी तथा लगातार 11 दिनों तक पारा सामान्य से नीचे बना रहा। ऐसी स्थिति 57 सालों बाद निर्मित हुई थी। इसी तरह दिसम्बर में भी लगातार 11 दिनों तक शीतलहर प्रभावी रही तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे बना रहा। जनवरी के प्रारंभ से ही शीतलहर चल रही है। इस बार अत्यधिक ठंड पड़ने के पीछे मौसम विज्ञानी उत्तर भारत में ताकतवर विक्षोभ सक्रिय नहीं होने को भी प्रमुख कारण मान रहे हैं।

मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों का बुरा हाल

शीतलहर के प्रभाव से मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों का बुरा हाल है। मैदानी इलाकों का तापमान 3 डिग्री वही पठारी क्षेत्रों का तापमान 1 से 1.5 डिग्री के मध्य पहुंच गया है। पारा में तेज गिरावट होने के कारण पठारी एवं मैदानी इलाकों में सुबह ओस की बूंदे जमकर बर्फ बन जा रही है। ठंड से बचने शाम होते ही लोग घर में अलाव जला रहे हैं। उत्तर भारत में फिलहाल किसी विक्षोभ के पहुंचने की संभावना नहीं हैं ऐसे में अब शीतलहर का प्रभाव कम होने की संभावना जताई जा रही है।

शीतलहर में आएगी कमी

उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ के प्रभावशील होने के कारण शीतलहर के प्रवाह में व्यवधान आने तथा न्यूनतम पारा में वृद्धि होने की संभावना है। दिन के तापमान में पिछले दो दिनों से वृद्धि दर्ज की गई है।
-**अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी

सहमति देने वालों को फिर से आबंटित किए गए मकान

एएचपी मकानों का आबंटन 461 हितग्राहियों को, सिर्फ 67 ने ही जमा किए दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम के मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना के तहत आबंटन हासिल करने वाले 461 हितग्राहियों में से महज 67 लोगों ने ही अपने दस्तावेज जमा किए। शेष 394 लोगों ने आवास लेने से मना कर दिया। ऐसे में अब एक बार फिर से ननि ने शेष बचे 67 लोगों को एक बार फिर से लॉटरी पद्धति से मकानों का आबंटन किया गया। इसके साथ ही अब शेष बचे मकानों 426 मकानों का आबंटन किराए के मकान में रहने वाले लोगों के लिए किया जाएगा।

खास बात

- शेष बचे 426 मकानों के किराए में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को होंगे आबंटित

बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत एएचपी मकानों का निर्माण शहर के सुभाष नगर में किया गया है। पीएम आवास के एएचपी मकानो की स्वीकृति शासन से वर्ष 2020 में दी गई थी जिसके बाद सुभाषनगर में 493 आवासों के निर्माण कार्य 6 एकड़ भूमि पर शुरू किया गया था। यहां कुल 17 ब्लॉक में 493 आवासों का निर्माण होना है और 5 वर्षों के बाद अब जाकर 12 ब्लॉक के 348 आवास पूर्ण एवं 5 ब्लॉक के 145 आवास फिनिशिंग स्टेज में है। मकान निर्माण पूर्ण होने के बाद नगर निगम द्वारा पीएम आवासों के आबंटन हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। इस हेतु ननि सरकार की ओर से पात्र हितग्राहियों की सूची में से पहले चरण में उन हितग्राहियों को मौका दिया गया जो शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर हाईटेंशन विद्युत तार के नीचे बसे हुए है, तालाब पीढ पर बसे हुए है। नगर निगम द्वारा ऐसे 466 हितग्राहियों का चयन पूर्व में जमा की गई सूची में से किया गया था और 1 जुलाई 2025 को ननि द्वारा लॉटरी पद्धति से आबंटन किया गया। ननि द्वारा कुल 461 हितग्राहियों को आवास का आबंटन गया था और उन्हें नियम के अनुसार सभी दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए थे। आबंटन उपरांत सभी हितग्राहियों से जिस जमीन पर अवैध रूप से काबिज है उसके संपत्ति कर, समेकित कर, कब्जे से संबंधित दस्तावेज के साथ ही अन्य दस्तावेज जमा करने को कहा गया था। दस्तावेज जमा करने के लिए ननि द्वारा कई बार आदेश जारी किया गया और उनसे संपर्क भी किया गया। इस दौरान 101 हितग्राहियों ने दस्तावेज जमा करने का आवेदन देकर समय मांगा लेकिन उनमें से सिर्फ 67 ने ही दस्तावेज जमा करने के साथ ही अतिक्रमण वाली जमीन को खाली करने पर सहमति दी है जबकि शेष ना ही दस्तावेज जमा कर पाए और ना ही वे अतिक्रमण वाली भूमि खाली करना चाहते है।

आबंटन करते अधिकारी।

अब किराए में रहने वालों को मौका

योजना के तहत अब नगर निगम द्वारा उक्त मकानों के आबंटन हेतु दूसरे चरण में किराए में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में जमा किए गए आवेदनों में से ही ऐसे हितग्राहियों का चयन किया जाएगा जो किराए के मकान में रहते है हालांकि किराए के मकान में रहने वाले हितग्राहियों को मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत आवास पाने के लिए 3.50 लाख रुपए देने होंगे। ननि द्वारा सभी हितग्राहियों से आवेदन मंगाए जा रहे है और आने वाले दिनों में फिर से लॉटरी पद्धति से आबंटन किया जाएगा।

फिर से किया गया आबंटन

मोर मकान-मोर चिन्हारी योजना के तहत जिन 67 लोगों ने एएचपी मकानों के आबंटन उपरांत दस्तावेज जमा किए उन्हें फिर मकानों का आबंटन किया गया। पूर्व में सभी 461 लोगों को 17 ब्लॉक में बने मकानों से आबंटन किया गया था जबकि अब दस्तावेज जमा करने के बाद शेष बचे पात्र हितग्राहियों को फिर से एक स्थान पर स्थापित करने के लिए 3 ब्लॉक में मकानों का आबंटन किया गया। बुधवार को अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव और ननि आयुक्त डीएन कश्यप की मौजूदगी में सभी हितग्राहियों को आबंटन किया गया। इन हितग्राहियों को मकान लेने के लिए अब 75 हजार रुपए की राशि जमा करनी होगी। वहीं जल्द ही कॉलोनी में ट्रांसफार्मर का काम होने के बाद विद्युत आपूर्ति शुरू जाएगी जिसके बाद हितग्राही अपने मकान में शिफ्ट हो सकेगें।

चल रही है प्रक्रिया

एएचपी मकानों के लिए 461 लोगों को आबंटन किया गया था लेकिन सिर्फ 67 ने ही दस्तावेज जमा किए और अपनी सहमती दी। कई लोगों को पट्टा मिल गया कई अपनी जमीन नहीं छोड़ना चाहते है इसलिए उन्होंने लिखकर दे दिया। सभी पात्र हितग्राहियों को फिर से मकान का तीन ब्लॉक में आबंटन किया गया है और शेष मकान किराए में रहने वालों को आबंटित करने की प्रक्रिया चल रही है और उनसे आवेदन मंगाए गए है।
-**डीएन कश्यप**, आयुक्त ननि

मटर तोड़कर खाने पर बच्चों की बेरहमी से पिटाई करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

खेत से मटर तोड़कर खाने पर मासूम बच्चों की हाथ पैर बांधकर पिटाई करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बच्चों को बंधक बनाकर उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी को जेल भेज दिया है।

- हाथ-पैर बांधकर पिटाई करने का वीडियो हुआ था वायरल

बता दें कि 6 जनवरी को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें दो मासूम बच्चों के हाथ पैर बांधकर उनकी पिटाई की जा रही थी। मासूम बच्चों को खेत से मटर तोड़कर खाने पर इतनी बड़ी सजा एक सनकी युवक ने दी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस बीच पुलिस ने नाबालिग बच्चे के पिता की शिकायत पर अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले कि जांच शुरू की और ग्राम लडुआ, निवासी 26 वर्षीय कपिल उरांव को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 4 जनवरी को उसके चाचा और पड़ोसी के बच्चे खेत से मटर तोड़कर खा रहे थे। ऐसे में आक्रोशित होकर उसने दोनों बच्चों के साथ गाली गलौज करने के साथ ही हाथ मुक्का व पैर से मारपीट की गई। इसके साथ ही दोनों नाबालिग बच्चों के हाथ पैर को रस्सी से बांधकर घर के आंगन में गुप्त रूप से बंधक बना लिया। महज सात वर्षीय बच्चों के साथ मटर खाने को लेकर की गई इस अमानवीय हरकत के लिए पुलिस ने आरोपी कपिल टोप्पो को बीएनएस की धारा 137(2), 296, 351(2), 115(2), 127(2) व 140(3) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर, दोनों को किया गया रेफर

रामानुजगंज। रामचंद्रपुर–सनवाल मुख्य मार्ग पर आज दोपहर ग्राम टकिया के समीप सनवाल की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक कार के बोनट में फंसकर लगभग 200 मीटर तक घसीटता चला गया। दुर्घटना में गंभीर हुए दोनों युवकों को रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान सुमन कुमार आ. लालमोहन (22 वर्ष) निवासी हरिहरपुर तथा दिलीप भुइयां आ. कृष्णा (22 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि दोनों युवक एक दिन पूर्व बाइक से ग्राम आरागाही अपने ससुराल गए थे और आज दोपहर वापस लौट रहे थे तभी ग्राम टकिया के पास दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे सुमन कुमार बाइक से उछलकर कार के बोनट पर गिर गया और कार उसे लगभग 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। वहीं दिलीप भुइयां सड़क पर गिर पड़ा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय बलरामपुर रेफर कर दिया गया।

पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। मामूली विवाद पर पत्नी की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पुटा जुनापारा निवासी इंजोर साय पत्नी नईहारो बाई के साथ रहता था। इस दौरान 5 जनवरी की रात घरेलु विवाद को लेकर उसने पत्नी के साथ विवाद किया। विवाद के दौरान आरोपी ने फावड़ा के बेट से पत्नी कि पिटाई करने के साथ ही हाथ मुक्के से चेहरे व छाती पर वार किया। इसके साथ ही नाक मुंह को दबा दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। इसके साथ ही इस मामले में आरोपी 50 वर्षीय इंजोर साय आ. भोलू राम को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार करने क साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। इस कार्रवाई में उदयपुर थाना प्रभारी शिशिरकान्त सिंह, प्रधान आरक्षक देवनारायण सिंह, आरक्षक रविन्द्र साहू, देवेंद्र सिंह, सुलक्ष्मणा सक्रिय रहे।

वन विभाग पर भी ग्रामीणों ने लगाए आरोप, रातों-रात होटल खोलने किया गया था कब्जा

संरक्षित वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने गई टीम से विवाद, झूमा झटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज/अम्बिकपुर

संरक्षित वन क्षेत्र पर किए गए अतिक्रमण को वन विभाग ने हटा दिया है। वन विभाग की टीम ने सड़क किनारे ढाबा बनाने के लिए किए गए अवैध निर्माण को हटाया गया हालांकि इस दौरान वन विभाग को लोगों के विरोध का सामना करना। ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए और वनकर्मियों के साथ झूमा झटकी की। इधर वन विभाग ने आरोपों को इनकार कर दिया है और अतिक्रमण के खिलाफ क्षेत्र में कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

बताया जा रहा है कि जिले के रघुनाथनगर अंतर्गत पंडरी के केनवारी में संरक्षित वन क्षेत्र पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया था। अतिक्रमंकारियों ने बीती रात मुके का फायदा उठाकर सड़क किनारे ही वन भूमि पर जेसीबी मशीन से मड़ई का निर्माण कर लिया गया था और होटल खोलने की तैयारी चल रही थी। रातों रात किए गए इस अवैध कब्जे की सूचना किसी ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी जिसके बाद डीएफओ आलोक वाजपेयी के निर्देश पर वन विभाग व पुलिस की टीम मौके पर अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। दोपहर में लगभग ढाई बजे जब वन विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची तो स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। विवाद बढने पर ग्रामीण उग्र हो गए और अतिक्रमण हटाने गई वन विभाग की टीम से ही धक्का मुक्की करने लगे। इस दौरान पुलिस टीम ने स्थिति को संभाला। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि जब रात के समय वन भूमि पर कब्जा किया जा रहा था और जेसीबी मशीन से काम हो रहा तो संबंधित रेंजर ने उस समय कार्रवाई क्यों नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के रेंजर पर गंभीर आरोप भी लगाए। हालांकि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे उच्च अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के साथ ही जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है लेकिन ग्रामीणों की ओर से किसी प्रकार की लिखित शिकायत वन विभाग को नहीं दी गई। इधर वन विभाग का कहना है कि ग्रामीण संरक्षित वन क्षेत्र पर कब्जा कर रहे थे और कार्रवाई से बचने के लिए दबाव बना रहे है।

की गई है कार्रवाई

पंडरी क्षेत्र में रात के समय संरक्षित क्षेत्र में अतिक्रमण की सूचना मिली थी। सुबह वन विभाग की टीम ने सड़क किनारे किए गए निर्माण को हटाया गया। ग्रामीण यहां होटल खोलने की तैयारी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने विरोध और वनकर्मियों से धक्का मुक्की की। हमने पुलिस को भी इसकी जानकारी दी है। ग्रामीण दबाव बनाने के लिए आरोप लगा रहे है लेकिन कोई लिखित शिकायत नहीं दी है। शिकायत पर जांच की जाएगी।
-**आलोक वाजपेयी**, डीएफओ

पति के दूसरी युवती लेकर भागने से क्षुब्ध पत्नी पी ली जहर, मौत

शादी के बाद संतान नहीं होने तथा पति द्वारा दूसरी युवती लेकर भाग जाने से परेशानी महिला ने कीटनाशक पी ली। परिजन महिला को गंभीर हालत में निजी अस्पताल दाखिल कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरियो निवासी अमृत कुंवर सोनवानी पति संजय सोनवानी (32 वर्ष) 5 जनवरी की तड़के अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर कीटनाशक पी ली। घटना की जानकारी लगने पर परिजन सहित रिश्तेदार किसी तरह उसे कमरे से निकाल कर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतिका के चाचा ससुर महेंद्र सोनवानी ने पुलिस को बताया कि संजय सोनवानी की शादी 2009 में ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी अमृता कुंवर सोनवानी के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ। उनके दांपत्य जीवन में कोई संतान नहीं है। जहर पीने बाद अस्पताल ले जाते समय अमृता ने उसे बताया कि उसके पति किसी दूसरी लड़की को भगा कर ले गए और अब वापस नहीं आएगा। संतान नहीं होने तथा पति द्वारा दूसरी लड़की भगा कर ले जाने से अमृता मानसिक तनाव में रहने लगी और कीटनाशक पी ली। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। साथ ही डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

खबर संक्षेप

मिश्र स्मृति क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ आज

कटकोना। स्व. अंजनी कुमार मिश्र की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन 8 जनवरी को कटकोना में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष सौम्य महिला समिति एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र श्रीमती पूनम झा उपस्थित रहेंगी। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी, जो खेल भावना और आपसी सौहार्द के साथ रोमांचक मुकाबले प्रस्तुत करेंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाना, टीम भावना को प्रोत्साहित करना और स्व. अंजनी कुमार मिश्र के योगदान को स्मरण करना है। फाइनल मैच 18 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के विजेता को ट्रॉफी एवं 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को ट्राफी 12,500 की इनाम राशि दी जाएगी। आयोजन समिति की ओर से योगेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्ष 2020 से लगातार आयोजित हो रहा है, यह प्रतियोगिता का 7 वां वर्ष है। उद्घाटन समारोह में स्थानीय नागरिकों, खिलाड़ियों और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम और भी प्रेरणादायी बनेगा। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा और दर्शकों को रोमांचक खेल का आनंद प्राप्त होगा।

छग में पहली बार जोश पहल का शुभारंभ

मनेन्द्रगढ़। छग शासन में आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन तथा पशुधन विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़गवां जनपद ग्राउंड से राज्य की पहली अभिनव पहल जोश का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थागत शौचालयों की नियमित, वैज्ञानिक एवं सुरक्षित सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक शुरूआत की गई। जोश पहल स्वच्छता, स्वास्थ्य और रोजगार-तीनों को एक सशक्त सूत्र में जोड़ती है। इसके अंतर्गत स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्रों, छात्रावासों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा अन्य संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई के लिए स्थानीय युवाओं को स्वच्छता प्रहरी के रूप में कार्य का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि स्वच्छता केवल स्वास्थ्य की आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और रोजगार सृजन का प्रभावी माध्यम भी है। जोश पहल के माध्यम से युवा स्वच्छता प्रहरी बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।

घर-घर पहुंच रही स्वच्छ जल की धारा

बैकुण्ठपुर। डुभापानी ग्राम पंचायत की कुम्हारपारा बसाहट में एक समय था जब पीने के स्वच्छ पानी की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई थी। ग्रामीणों को रोजाना दूर-दराज के जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चियों को सुबह-शाम पानी लाने में काफी समय और श्रम लगाना पड़ता था। गर्मी के मौसम में हालात और भी विकट हो जाते थे। कई बार दूषित पानी के सेवन से लोग बीमार पड़ जाते थे, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना कुम्हारपारा के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि जीवन में आई एक सकारात्मक शुरूआत बन गई है। हर घर नल जल योजना के अंतर्गत जब बसाहट में पाइपलाइन बिछाई गई और प्रत्येक घर में नल लगाए गए, तब यह सुनिश्चित हो गया कि अब कुम्हारपारा में सूरज की पहली किरण के साथ स्वच्छ जल की उपलब्धता होगी। आज कुम्हारपारा के प्रत्येक घर में नियमित रूप से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो रही है। महिलाओं को अब पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय की बचत के साथ उनकी दिनचर्या भी आसान हुई है।

खड़गवां पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को किया गिरफ्तार

पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

गिरफ्तार आरोपी।

एमसीबी जिले के थाना खड़गवां पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1), 238 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला अपराध क्रमांक 05/2026 से संबंधित है।

आरोपी का नाम देवनारायण पिता कृपाल सिंह उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम लकरपारा, थाना खड़गवां, जिला एमसीबी (छग) है। आरोपी को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार 3 जनवरी को आरोपी देवनारायण द्वारा अपनी पत्नी मुक्तिका रानी सिंह की घर के कमरे में लगे पंखे से गमछे के सहारे फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। प्रारंभ में घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा मर्ग क्रमांक 03/2026, धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत जांच प्रारंभ की गई। मृतिका के शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हत्या (हॉमीसाइडल) पाए जाने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गहन जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतिका के परिजन, माता-पिता एवं अन्य गवाहों के कथन लिए गए। साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी पति देवनारायण सिंह ने ही सुनियोजित तरीके से अपनी पत्नी की हत्या की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने कमरे में लगे पंखे से गमछे का फंदा बनाकर पत्नी का गला घोंटा और घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया और विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक एमसीबी दीपक झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती रजुला राठौर के निर्देशन में, नगर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी खड़गवां सुनील तिवारी के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विनय तिवारी, रविन्द्र कुर्रे, प्रधान आरक्षक रमेश पाण्डेय, सुरेश गोंड, जितेन्द्र मिश्रा, आरक्षक अभिषेक जायसवाल, आरक्षक दिलीप सिंह, आरक्षक उदय सिंह, गणेश सिंह एवं अन्य पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

- आत्महत्या की घटना का दिया था रुप

समय पर कार्यालय पहुंचें अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मोबाइल पर ऑनलाइन अटेंडेंस देते कर्मचारी।

प्रदेश के लगभग सभी शासकीय कार्यालयों में 1 जनवरी 2026 से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली (आधार बेस अटेंडेंस) लागू किए जाने का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। मंत्रालय एवं संचालनालय के साथ-साथ जिला स्तर के कार्यालयों में भी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने लगे हैं। जिला कोरिया में भी आधारबेस उपस्थिति प्रणाली का प्रभाव साफ नजर आ रहा है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला प्रशासन में समय पालन को लेकर अनुशासन बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी स्वयं नियमित रूप से प्रातः 10 बजे से पूर्व कार्यालय पहुंचती हैं, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भी समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की प्रवृत्ति विकसित हुई है। कार्यालय पहुंचते ही अधिकारी-कर्मचारी अपने मोबाइल फोन के माध्यम से कार्यालय आने व कार्यालय से जाते समय आधारबेस अटेंडेंस दर्ज कर रहे हैं। समय-सीमा की बैठकों में कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की जा रही है। फील्ड ड्यूटी पर रहने वाले कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर स्थिति स्पष्ट की जा रही है, वहीं लापरवाह कर्मियों की मुश्किलें बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड के बावजूद कलेक्ट्रेट व उससे लगे कार्यालयों में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति होने लगी है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नियमित रूप से समय पर कार्यालय आने और आधार बेस अटेंडेंस लगाने वाले कर्मियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, वहीं लगातार अनुपस्थित या विलंब से आने वाले कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

- आधारबेस अटेंडेंस से बढ़ी अनुशासनात्मक सख्ती

आम के पेड़ में लदे बौर

बैकुण्ठपुर। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच जिले के कुछ जगहों मेंफलों के राजा आम के पेड़ों में बौर लद गए हैं। सुबह के समय आम के पेड़ों पर लदे बौर को देखते हैं तो देखकर ऐसा लगता है मानों आम के पेड़ ने सुनहरी चादर ओड़ ली हो।

आमतौर पर आम के पेड़ों पर फरवरी दूसरे पखवाड़े या मार्च महीने में आम के पेड़ों में बौर आते हैं, लेकिन इस बार दिसंबर के अंत में ही कुछ जगह पर आम के पेड़ों पर बौर आने शुरू हो गए। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव इसकी वजह हो सकती है। उल्लेखनीय है कि इस बार बसंत की शुरूआत भी चालू माह के दूसरे पखवाडे में हो रही है और आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी पड़ रहा है, इसके पूर्व ही जिले में कुछ जगहों पर स्थित आम के पेड़ों पर बौर आ गए, जो बसंत के स्वागत के लिए आतुर है। हालांकि ज्यादातर आम के पेड़ों पर बौर आने में काफी समय है। चुनिंदा आम के पेड़ों पर ही दिसंबर के अंत में आम के बौर की शुरूआत हो गई थी जो अब बढ़ गए हैं, कुछ दिनों बाद पूरी तरह से आम के पेड़ पर लद जाएंगे।

4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

मनेन्द्रगढ़। प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के अंतर्गत ग्राम बाजार पारा तहसील खड़गवां निवासी रामप्रसाद की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती बसंती को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम सेमरा तहसील नागपुर में शिवनारायण चक्रधारी की मृत्यु कुआं के पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे मृतक की पत्नी धनेश्वरी बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता राशि पीड़ित परिवार को आपदा की कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त राहत उपायों के अंतर्गत दी गई है।

सीएमएचओ ने ली फील्ड स्टाफ की बैठक ठंड में शराब पीने को बताया घातक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में फील्ड स्टाफ की बैठक आयोजित की गई। इसमें ठंड एवं शीतलहर से बचाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने फील्ड स्टाफ को जनसामान्य को जागरूक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। डॉ. सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को गंभीरता से लें और आवश्यक सावधानियां अपनाएं। उन्होंने बताया कि अत्यधिक ठंड लगना, सांस फूलना, सीने में दर्द अथवा अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क कर उपचार सुनिश्चित करें, जिससे शीतजनित रोगों से बचाव संभव हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ठंड से होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के लिए नागरिकों को बहु-परत ऊनी या गर्म कपड़े पहनने चाहिए तथा सिर, कान, हाथ एवं पैरों को पूरी तरह ढंककर रखना चाहिए। उन्होंने प्रातःकाल एवं रात्रिकाल में अत्यधिक ठंड के दौरान अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त कैलोरी युक्त आहार एवं गर्म तरल पदार्थों के सेवन की सलाह दी। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं व बच्चों को विशेष ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने अस्थमा, टीबी, ब्लडप्रेशर व शुगर से पीड़ितों को समय समय पर जांच उपचार कराने की सलाह दी गई है। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि ठंड में शराब सेवन को लेकर फैली भ्रांति खतरनाक है। शराब शरीर की ऊष्मा को बनाए रखने के बजाय उसे और कम कर देती है, जिससे हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है। अतः ठंड के मौसम में शराब का सेवन पूर्णतः वर्जित है। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ध्यान रखने, हाइपोथर्मिया अथवा फ्रॉस्टबाइट से पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा नाक बहने या बंद होने जैसे लक्षणों पर चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी।

लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण नहीं करने पर कलेक्टर सख्त

समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों एवं योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। जनदर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के लंबित रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा करते हुए सहकारिता, खाद्य, मार्कफेड, राजस्व एवं नोडल अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऑनलाइन टोकन नहीं कटने एवं रकबा समर्पण से जुड़े विषयों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी से अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक विद्यार्थी का अपार आईडी में अनिवार्य रूप से पंजीकरण किया जाए। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अपार आईडी एक ऑटोमेटेड परमानेंट अकैडमिक अकाउंट रजिस्ट्री है, जिसमें विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेख एवं उपलब्धियां डिजिटल रूप से सुरक्षित रहती हैं। यह व्यवस्था शासकीय एवं निजी दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों पर लागू है। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की ली तथा सभी निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की और समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर ठेका श्रमिकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

डोमनहिल। एसईसीएल चिरमिरी ओपनकास्ट परियोजना के अंतर्गत कोयला उत्पादन कार्य में लगी कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के ठेका श्रमिकों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार 7 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। यह आंदोलन मां भारती श्रमिक विकास संगठन के नेतृत्व में किया जा रहा है।

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ठेका श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण को लेकर 3 अक्टूबर को चिरमिरी कालरी के उपक्षेत्र प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा गया था। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि समय रहते मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद श्रमिकों की समस्याओं पर कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण संगठन को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। दूसरी ओर कृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रबंधन का कहना है कि उत्पादन क्षमता के अनुरूप कर्मचारियों को समुचित वेतन एवं आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा हाई पावर कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप सुविधाएं ठेका श्रमिकों को नहीं मिल पा रही हैं, जिससे श्रमिकों में असंतोष व्याप्त है। मांगों में प्रमुख रूप से समय पर वेतन भुगतान, वेतन पर्ची उपलब्ध कराने, बकाया एरियर्स का भुगतान, सभी ठेका श्रमिकों को स्मार्ट कार्ड जारी करने तथा कार्यस्थल पर मेडिकल एड की समूचित व्यवस्था शामिल है। संगठन ने यह भी मांग की है कि ठेका श्रमिकों को पेड फेस्टिवल हॉलीडे का लाभ दिया जाए तथा त्योहार के दिन कार्य कराए जाने पर तीन हाजिरी का भुगतान किया जाए। वहीं मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, सुपरवाइजर, गार्ड, वेल्डर एवं हेल्पर जैसे पदों पर कार्यरत श्रमिकों से 30 दिनों के स्थान पर 26 कार्यदिवस एवं 4 साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किए जाएं। मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि निर्धारित अवकाश के दिन यदि श्रमिकों से कार्य लिया जाता है तो दो हाजिरी का भुगतान अनिवार्य किया जाए। साथ ही कंपनी द्वारा कार्य से हटाए गए ठेका श्रमिकों को तत्काल प्रभाव से पुनः कार्य पर रखने की मांग की गई है। हड़ताल शुरू होने से कोयला उत्पादन कार्य प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

डीपीआरसी में पंचायत पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

बैकुण्ठपुर। राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत कोरिया के जिला पंचायत संसाधन केन्द्र (डीपीआरसी) में ग्राम पंचायत सरपंच एवं उप सरपंचों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले की सभी 162 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत पदाधिकारियों को पंचायत राज अधिनियम 1993, 73 वां संविधान संशोधन, पेसा नियम 2022 सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विकसित भारत ग्रामीण आजीविका मिशन (वीबी-जीरामजी) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण के लिए जल संरक्षण आधारित आजीविका डबरी, फलोद्यान विस्तार, पशुपालन एवं समूह आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि वीबी-जीरामजी योजना के अंतर्गत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए तकनीक आधारित वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षित पंचायत पदाधिकारी ग्राम पंचायतों में योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के माध्यम से जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

विकसित भारत जी राम जी के संबंध में प्रेसवार्ता

मनरेगा के नाम पर कांग्रेस केवल भ्रम फैला रही: भामरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आयोजित प्रेसवार्ता

भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया द्वारा विकसित भारत 2047 के राष्टीय विजन के अंतर्गत जीरामजी के संबंध में विश्राम गृह बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो।

गरीब, जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले, उसके लिए यह कानून बनाया गया है। विकसित भारत 2047 के राष्टीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह पूरा बिल महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है और राम राज्य की स्थापना के लिए लाया जा रहा है। नई योजना में काम के दिन ज्यादा होंगे तो साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा। हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों को 25 दिन का रोजगार और अधिक मिलेगा। मनरेगा पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने किया है। मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड़ रूपए खर्च हुए जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड़ रूपए खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून का फोकस 4 प्राथमिकताओं पर है। जल संबंधी कार्य, कोर-ग्रामीण बुनियादी ढांचा का निर्माण, आजीविका संबंधी बुनियादी ढांचा का निर्माण और खराब मौसम के कारण काम में कमी को कम करना है। जल सुरक्षा से खेती को बढ़ावा मिलेगा, सड़कें और कनेक्टिविटी से बाजार में सुधार होगा, भंडारण और आजीविका संपत्तियां ग्रामीण आय में वृद्धि लाएगी और जलवायु अनुकूल कार्य गांवों को सशक्त बनाएंगे। विकसित भारत जीरामजी बिल में प्रावधान किया गया है कि किसानों के बुआई और कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बुआई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होने देना है। मनरेगा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। नए बिल में मनरेगा के उलट हर हफ्ते पेमेंट किया जा सकता है। मनरेगा में 15 दिन में मजदूरी का भुगतान होता था। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, अनिल साहू, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, चुन्नी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य संगीता सोनवानी, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, ईश्वर राजवाड़े, कृष्णवती यादव, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, गणेश यादव, सह सोशल मीडिया प्रभारी राकेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, जिला महामंत्री मनोज साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, आईटी सेल जिला संयोजक हरिओम साहू, सुभाष साहू, बिजेन्द्र जायसवाल, नूर मोहम्मद, मनोज सोनवानी, आंचल सिंह, संतोष सिंह सहित काफी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायतों में आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में चावल उत्सव के साथ आवास दिवस एवं रोजगार दिवस का आयोजन उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों, मनरेगा श्रमिकों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। आयोजन के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराते हुए रोजगार, आवास एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान रैली निकालकर जल संरक्षण एवं आत्मनिर्भर आजीविका के लिए डबरी निर्माण को प्रोत्साहित किया गया। आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में संचालित मनरेगा कार्यस्थलों पर पात्र आवास हितग्राहियों की सूची का सार्वजनिक रूप से वाचन किया गया, जिससे हितग्राहियों को स्पष्ट जानकारी प्राप्त हुई। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (वीबी-जीरामजी) योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। पंजीकृत श्रमिकों को बताया गया कि योजना के तहत आगामी समय में 125 दिन का अकुशल रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा समय पर रोजगार न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी किया गया है।

खबर संक्षेप

कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ

भैयाथान। स्थानीय मंगल भवन भैयाथान में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि विशाल गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छठ घाट से जल भरकर वरुण देव एवं माँ गंगा के पूजन-आवाहन के पश्चात नगर परिक्रमा के साथ की गई। पीले वस्त्रों में सुसज्जित मातृशक्ति द्वारा सिर पर कलश धारण कर निकाली गई शोभा यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं ग्रामीण शामिल हुए। महायज्ञ आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्य द्वारा यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर हिंदू संस्कृति के सभी 16 संस्कार निःशुल्क कराए जा रहे हैं। प्रतिदिन सायं 5 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। महायज्ञ के समापन दिवस पर यज्ञ उपरांत दोपहर 2 बजे से मंडल स्तरीय विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में कोरिया विभाग के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी शामिल होगें।

घिर्रा मेला नीलामी प्रक्रिया नियमानुसार करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

शंकरगढ़। घिर्रा मेला नीलामी प्रक्रिया को नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम अनमोल टोप्पो को सौंपे ज्ञापन में युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने बताया है कि घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं की जाती। । नीलामी में पारदर्शिता का अभाव होने क्षेत्र के लोगों को आक्रोश है। प्रशासन द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि घिर्रा मेला की नीलामी प्रक्रिया नियमानुसार कराई जाना आवश्यक है तथा किसी भी प्रकार की मनमानी या नियमों की अनदेखी स्वीकार्य नहीं होगी। बावजूद इसके अब तक नीलामी प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि घिर्रा मेला की नीलामी पूर्ण पारदर्शिता के साथ,शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में संपन्न कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस के जैद हसन, अंकित यादव, उमेश यादव, जितेंद्र यादव एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कूलों से चोरी करने वाला आरोपी धराया, सामग्री बरामद

अम्बिकापुर। पूर्व माध्यमिक शाला नवगई का ताला तोड़कर कम्प्यूटर, टैबलेट, बायोमेट्रिक डिवाइस, प्रिंटर सहित अन्य सामग्रियों की चोरी करने वाले आरोपी को चोरी के सामानों के साथ पकड़ा है। सोमवार को शिक्षक गंभीर सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली की घटना दिनांक को ग्राम सरना निवासी प्रमोद साहू पिता कैलाश साहू को चावल का बोरा ले जाते देखा गया था। पुलिस प्रमोद साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी से स्कूल से चोरी किए गए सभी सामग्रियों को बरामद किया। आरोपी ने प्राथमिक शाला गैना से सीपीयू, कम्प्यूटर सेट, टेबल, प्राथमिक शाला चंवर सरई से गैस टंकी, टेबल, कुर्सी सहित अन्य सामग्री चोरी करने की भी जानकारी दी। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की सामग्रियों को बरामद किया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

नहर के पानी ने डूबने से युवक की मौत

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम भालू कच्छार निवासी कपिलेश कुमार सिंह आ. तिलकेश्वर सिंह (34 वर्ष) मंगलवार को परिजन को बिना बताए ही स्कूटी लेकर गांव में घूमने निकला था। इसी बीच गांव के ही दिनेश यादव ने फोन कर परिजन को बताया कि कपिलेश नहर के पानी में डूबा हुआ है। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा गांव के अन्य लोग कपिलेश को पानी से निकाल कर नहर के मेढ़ पर रखे थे। कपिलेश के अचेत होने पर परिजन डायल 112 से उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम कौशलपुर निवासी कलेश्वरी राजवाड़े पति राकेश राजवाड़े (34 वर्ष) 1 जनवरी को मासिक पीरियड शुरू हुआ। इसी बीच अत्यधिक रक्तस्त्राव होने पर घटना की जानकारी पति को दी। पत्नी के दोनों पैरों व कमर में दर्द होने पर पति ने उसे सूरजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला के शरीर में ब्लड कम हो जाने की बात बताई तो परिजन ने ब्लड भी चढ़वाया। इधर महिला के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने तथा अत्यधिक रक्तस्त्राव होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। परिजन देर रात महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के लगभग आधे घंटे बाद महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कड़ाके की ठंड में रैम्प पर सोने को मजबूर परिजन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आईसीयू के बाहर परिजन के लिए नहीं कोई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोग जहां परेशान है वहीं दिन के समय भी लोग गर्म कपड़े का सहारा ले रहे है। पिछले कुछ दिन से शाम ढलते ही ठंड के कारण लोग घर के बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझते। रात के समय अलाव या हीटर न हो तो लोगों को रात गुजारना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बगैर अलाव व हीटर के बिना खुले में पूरी रात बिताने वाले लोगों को किस तरह परेशानी होती है यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू की है जहां वार्ड के बाहर न तो परिजन के लिए रात गुजारने के लिए व्यवस्थित जगह और न ही ठंड से बचाव के लिए कोई साधन है ऐसे में आईसीयू में दाखिल मरीज के परिजन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि परिजन की समस्याओं को लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा कुछ साल पूर्व आईसीयू व आपातकालीन भवन को जोड छत पर हाल बनाने की योजना बनाई थी लेकिन योजना पर ध्यान नहीं देने से योजना ठंडे बस्ते में चली गई जिससे परिजन वार्ड के बाहर खुले रैम्प पर सोने को मजबूर है।

खास बात

- आज तक नहीं हो सकी कोई व्यवस्था

आईसीयू के बाहर रैम्प पर सो रहे परिजन।

हाल बनाने की थी योजना ठंडे बस्ते में

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल में दाखिल मरीज सहित परिजन की सुविधा के लिए कुछ साल पूर्व कई योजनाएं बनाई गई जिसमें एमसीएच से आपात कालीन तक ब्रिज बनाने, एमसीएच परिसर में मितानिन भवन, आईसीयू व आपात कालीन भवन को जोड़ कर आपातकालीन भवन पर छत बनाने के अलावा कई योजना शामिल है। कुछ योजना पर अमल किया गया लेकिन आईसीयू में दाखिल मरीज के परिजन की परेशान को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा कुछ साल पूर्व आईसीयू व आपातकालीन को जोड आपातकालीन भवन के छत पर हाल बनाने की योजना ठंडे बस्ते में चली गई। आपातकालीन भवन के छत पर हाल बनाने की योजना मूलरूप नहीं लेने से परिजन की समस्या ज्यों कि त्यों बनी हुई है।

रात को होती है परेशानी

आईसीयू में दाखिल मरीज के परिजन को दिन के समय ज्यादा परेशानी नहीं होती है और परिजन इधर उधर टहल कर समय काट लेते है परंतु जैसे ही रात होती है वैसे ही उनकी समस्या बढ़ जाती है। ठंड के इस मौसम में परिजन की परेशानी दोगुनी हो गई है। कुछ लोगों को ठंड से बचने चार पहिया वाहन के अंदर ही बैठ कर या सो कर रात गुजारना मुनासिब समझते है परंतु जिनके वाहन की सुविधा नहीं होती उनका रैम्प पर ही बैठकर या सो कर रात गुजरना मजबूरी हो जाती है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू हुए कई साल हो गए परंतु आज तक परिजन के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो सकी। शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों से गंभीर मरीजों के परिजन आईसीयू में दाखिल कराते है। हालांकि सर्व सुविधा युक्त सर्जिकल व मेडिकल आईसीयू में मरीज के उपचार में किसी प्रकार की कमी न हो इसके लिए अत्याधुनिक संसाधन के साथ पर्याप्त स्टाफ व ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है। आईसीयू में दाखिल मरीज की स्टाफ द्वारा 24 घंटे निगरानी की जाती जिससे गंभीर मरीजों को लाभ मिल रहा है। प्रबंधन द्वारा मरीज के उपचार को लेकर पर्याप्त संसाधन की व्यवस्था की है परंतु मरीज के साथ आने वाले परिजन के लिए आईसीयू के बाहर बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। भवन के अंतिम मंजिल पर आईसीयू संचालित है जहां एक भी कमरा नहीं है जहां परिजन दो पल आराम से बैठ और सो सके। मरीज को लेकर परिजन वैसे ही परेशान रहते है वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में मरीज को दाखिल कराने के पश्चात उनकी परेशानी और भी बढ़ जाती है। मरीज के देख रेख में कमी नहीं होती परंतु आईसीयू के बाहर केवल रैम्प होने से परिजन वहीं रहने को मजबूर होते है। दिन के समय परिजन इधर उधर टहल कर समय काट लेते है परंतु रात के समय उन्हे रैम्प पर सोने व बैठने के दौरान उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार की समस्या से आईसीयू में मरीज दाखिल कराने वाले परिजन को हर रोज गुजरना पड़ता है। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीत लहर ने परिजन की परेशानियां और भी बढ़ा दी है जिससे परिजन गर्म कपड़े के सहारे रैम्प पर रात गुजारने को मजबूर है।

नहीं है जानकारी

आईसीयू और आपात कालीन भवन को जोड़ने तथा आपात कालीन भवन के छत पर हाल बनाने की योजना थी इसकी जानकारी नहीं है। परिजन के सोने व आराम करने के लिए धर्मशाला है जहां कुछ राशि देकर आराम से रात गुजार सकते है। परिजन धर्मशाला नहीं जाते और रैम्प पर ही सो जाते है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

एनएसयूआई ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के समस्त महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस लर्निंग कैम्प आयोजित करने एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने के लिए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

- ड्राइविंग लाइसेंस एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कैंप लगाने की मांग

आकाश साहू ने बताया कि शैक्षणिक एवं युवाओं का केन्द्र है यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों का उपयोग करते है। जानकारी के अभाव और विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस न होने के कारण लगातार सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जो चिंताजनक विषय है। सभी मुद्दों को लेकर एनएसयूआई ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में ड्राइविंग लाइसेंस लर्निंग हेतु विशेष कैंप लगाने की मांग की है जिससे विद्यार्थियों को सरल प्रक्रिया में लाइसेंस उपलब्ध हो सकेगा। कैम्पो में सड़क सुरक्षा नियम जैसे हेलमेट एवं सीट बेल्ट की अनिवार्यता, गति सीमा, यातायात संकेतों एवं सुरक्षित वाहन संचालन के विषय में जागरूकता कार्यक्रम सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा आयोजित करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजेश साहू, मुस्तफा खान, सह सचिव लिवनेश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, रेहान, शिवम साहू, अंकुश गुप्ता, मनोज सिंह, नितेश साहू, कमलेश सिंह, सोमू खान,आयुष शांडिल्य, निलेश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर में 359 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

लहपटरा। विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर साप्ताहिक बाजार परिसर में आयोजित किया गया है। शिविर में आयुर्वेद के विशेषज्ञ

चिकित्सकों द्वारा जटिल असाध्याय जोड़ों का दर्द, अर्थ भगंदर, स्त्री रोग, उदार रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप सहित अन्य मौसमी बीमारियों का इलाज व परामर्श देने के साथ ही निशुल्क औषधीय का वितरण किया गया। शिविर में आयुष विभाग द्वारा 359 रोगियों का निशुल्क उपचार कर औषधि बांटी गई तथा 88 रोगियों का रक्त प्रशिक्षण कर मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों का जांच किया गया। साथ ही 179 रोगियों का रक्तचाप बीपी की जांच की गई।

गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा जी राम जी

सूरजपुर। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। इससे मजदूरों को न्याय मिलेगा और भुगतान में देरी जैसी

पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, प्रदेश अजजा मोर्चा अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, रामकृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, संदीप अग्रवाल, मुकेश गर्ग, शैलेश गोयल, संध्या सिंह, गौरी सिंह, ललित गोयल, कैलाश सिदार, अनिल साहू, विजय रजवाड़े, लीलू गुप्ता, नीरज गुप्ता, रामानंद जायसवाल, मधुसूदन शुक्ला, प्यारे साहू सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

विकसित भारत जी राम जी अधिनियम गांवों की बदलेगा तस्वीर और तकदीर : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने संकल्प भवन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 लाया गया है है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

- कहा मनरेगा से अधिक पारदर्शी और रोजगार बढ़ाने वाला कानून

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं कोरिया जिला प्रभारी ललन प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, महामंत्री द्वय विनोद हर्ष एवं अरूणा सिंह, जिला संवाद प्रमुख रूपेश दुबे की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानो, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वही अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। मजदूरी भुगतान सात दिनों के भीतर किया जाएगा। निर्धारित समय में

भुगतान नहीं होने पर अतिरिक्त राशि दी जाएगी। खेती-किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जा सकेंगे, ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हों और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हो। मनरेगा में फर्जी मस्टर रोल, मशीनों का उपयोग था जिसे नया अधिनियम स्तः समाप्त करेगा। अधिनियम विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। अधिनियम के अंतर्गत जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन पर विशेष फोकस किया जाएगा। अधिनियम से कृषि, पशुपालन, मतस्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गतिशक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया , पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, महामंत्री विनोद हर्ष, अरूणा सिंह, संवाद प्रमुख रूपेश दुब, जिला संयोजक अनिल अग्रवाल, सतीश जायसवाल, हरि गुप्ता, कामेश्वर राजवाड़े, मयंक जायसवाल, जतीन परमार, रामप्रवेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869000868 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, नहामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

TOP IN SURGUJA
आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

न्यायालय तहसीलदार दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)

राजस्व प्रकरण ..... /ब-121 / 2025

ईश्तहार (उद्घोषणा)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम :- भालूकछार थाना व तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है। कि आवेदक श्री रामनारायण यादव आ. सुखदेव प्रसाद यादव निवासी ग्राम भालूकछार थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके पिता सुखदेव प्रसाद यादव की मृत्यु दिनांक 24/12/2011 है, तथा स्थान भालूकछार में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 16/01/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनावई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डा अधिकारी
दरिमा, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

// न्यायालय नायब तहसीलदार रघुनाथपुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) //

राजस्व प्र.क./...../ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम गंझाडांड को सूचित किया जाता है कि आवेदक इशईया मिंज आ. पवल मिंज उम्र 35 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम गंझाडांड, तहसील लुण्ड्रा, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपनी दादी स्व. पोपरेंगहीन पति मोहरा का मृत्यु दिनांक 05/06/1999 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, स्वयं का शपथपत्र, आवेदन पत्र संलग्न किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभकर दी गई है। उक्त कार्यवाही से किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आक्षेप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक 21/01/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 06/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील रघुनाथपुर
जिला सरगुजा (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी.जनरल फिजिषियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB, शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ, किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेष
डॉ. चन्द्रषेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्नाव की गांठ
डॉ. ओम प्रकाष पंडित — MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai), हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विषेशज्ञ
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO, कैंसर रोग विषेशज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ, भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चार्टेबल हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव — हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता — किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव — एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी — मूत्र रोग विषेशज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता — न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव — आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826163780, 6224007799, 8718003300, 6262639080
आयुश्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

कंदरई में नशा मुक्त समाज थीम पर लगा सात दिवसीय शिविर

बिश्रामपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंदरई की रासेयो इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन गोद ग्राम पंचायत रतनपुर में 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया गया ,सात दिवसीय विशेष शिविर में रासेयो इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर ग्रामीण जनों को जागरूक किया गया। साथ ही स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर गांव की सभी सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हुए स्वच्छता हेतु लोगों को प्रेरित किया, स्वयंसेवकों द्वारा गांव के स्कूलों देवालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों के बैठने व विश्राम हेतु चबूतरे का निर्माण किया गया, स्वयं सेवको ने प्रतिदिन स्वच्छता, साक्षरता,शिक्षा,स्वास्थ्य,नशा मुक्ति,महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि विषयों पर रैली नुक्कड़ नाटक और बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया, समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच मनोज कुमार सिरदार थे,अन्य अतिथियों में माखन जायसवाल, श्याम नारायण, कृष्ण राजवाड़े, बसंत मानिकपुरी, दुर्गादास, भानुदास उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य इलिना एक्का ने किया। सरपंच मनोज सिरदार ने ग्रामीणों से नशा से दूर रहते हुए ग्राम को स्वच्छ एवं नशा मुक्त बनाने की अपील की, कार्यक्रम अधिकारी गुलाब यादव द्वारा शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिविर में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी गई,अतिथियों द्वारा सभी शिविरार्थी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का संचालन ओंकार व कशिश राजवाड़े व आभार प्रदर्शन पूर्व स्वयंसेविका सोन कुमारी सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कार्यक्रम अधिकारी जयसिन्ता तिर्की, राजीव कुमार सिंह,शांति सुखशारदन एक्का, प्रहलाद खर्रे, गणेश ठाकुर, जितेंद्र ढिल्लो, वंदना, पूनम, लीलावती, सुनीता यादव, मोहन देवांगन व अन्य सक्रिय रहे।

शासकीय हाई स्कूल रामनगर में जरुरतमंद छात्राओं को वितरण की गई साईकल

बिश्रामपुर। शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल रामनगर में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 36 जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरण की गई,कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं विद्यालय आवागमन को सुगम बनाना रहा,कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलेश्वरी कुर्रे रहीं,विशिष्ट अतिथियों में सत्यनारायण जायसवाल,बाबूलाल यादव,डॉ सुनील श्रीवास्तव,सरपंच संगीता रोहित सिंह,बीडीसी संकेश्वर सिंह, मंडी अध्यक्ष श्यामलाल सिंह एवं बूथ अध्यक्ष विजय यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती बाखला ने की।इस अवसर पर संकुल समन्वयक बिजेंद्र कुमार जायसवाल सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ,पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे,अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन,अनुशासन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशीप मेला का 12 को

अंबिकापुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए 12 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, जाति, निवास, आधार कार्ड एवं दो फोटो के साथ उक्त दिनांक को संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

समितियां खरीदी के लिए खोज रही किराए की खाली जगह

उठाव की धीमी गति से समितियों में धान जाम, नई जगह पर हो रही खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान उठाव की धीमी गति से सहकारी समितियों की समस्याएं बढ़ती जा रही है। उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण आधा दर्जन से अधिक समितियों द्वारा दूसरी जगह धान खरीदी की जा रही है जबकि अन्य कई समितियां धान खरीदी के लिए नई जगह तलाश कर रही है।

खास बात

- अब तक मात्र 12 फीसदी धान का उठाव

विपणन संघ ने उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान के उठाव के लिए मिलरों को डीओ जारी कर दिया है लेकिन मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे हैं। धान उठाव की धीमी गति के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान रखने की जगह नहीं बची है जबकि हर दिन बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज बेचने समितियों में पहुंच रहे हैं। जगह के अभाव में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। समिति प्रबंधक खरीदे गए धान को हटाने के बाद दूसरे किसान का धान खरीद रहे हैं। इसके पूर्व भी कई बार धान उठाव की धीमी रफ्तार के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान जाम होने की समस्या निर्मित हुई है लेकिन ऐसी स्थिति पहली बार निर्मित हुई है जब एक दर्जन से अधिक उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित क्षमता से दोगुना से भी अधिक धान की खरीदी होने के बावजूद उठाव शुरू नहीं होने के कारण समितियों को अन्यत्र धान खरीदना पड़ा हो। जिस गति से धान का उठाव चल रहा है संग्रहित धान के उठाव में लम्बा समय लगने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल इस अवधि तक 40 फीसदी धान का उठाव कर लिया गया था जबकि इस साल मात्र 13 फीसदी ही धान का उठाव हो सका है।

देवनगर में संग्रहण केन्द्र में जमा धान।

नई जगहों पर खरीदी

उपार्जन केन्द्र में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण आधा दर्जन से अधिक सहकारी समितियां उपार्जन केन्द्र के पास किराए की जगह लेकर धान की खरीदी कर रही हैं। धौरपुर समिति द्वारा पिछले एक सप्ताह से स्टेडियम ग्राउंड में धान की खरीदी की जा रही है वही बरगवां समिति द्वारा धान खरीदी के लिए खाली जमीन की तलाश की जा रही है। विकासखण्ड प्रेमनगर अंतर्गत सहकारी समिति छिंदिया, गणेशपुर एवं बकिरमा द्वारा उपार्जन केन्द्र के पास ही धान खरीदी के लिए किराए पर खाली जमीन की व्यवस्था की गई है। बफर लिमिट से दोगुना धान खरीदी करने वाली अन्य समितियां भी धान खरीदी के लिए जगह तलाश रही है।

बारिश होने पर होगा नुकसान

मौसम में लगातार बदलाव आने एवं पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण समिति प्रबंधक बारिश होने पर समितियों को भारी नुकसान होने की संभावना से चिंतित हैं। प्रबंधकों का कहना है कि विपणन संघ ने खरीदी के तीन दिन के भीतर उठाव करने का करार किया है लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक धान का उठाव प्रारंभ नहीं किया गया है। समितियों के पास धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं जिससे सूखत की मात्रा बढ़ने एवं बारिश होने पर धान के खराब होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

इन केंद्रों में जाम की स्थिति

सरगुजा जिलान्तर्गत धान उपार्जन केंद्र कुन्नी, केरजू, खम्हरिया, गेरसा, चांदो, जमगला, बटवाही, भुषू, केशवपुर, दरिमा, सीतापुर, बलरामपुर जिलान्तर्गत कामेश्वरनगर, चांदो, जमड़ी, डिण्डो, त्रिकुण्डा, धंधापुर, बड़कागांव, बरतीकला, महाराजगंज, विजय नगर, राजपुर, विरेन्द्रनगर, सूरजपुर जिलान्तर्गत उमेश्वरपुर, उमापुर, कंदरई, कल्याणपुर, गणेशपुर, गोविंदपुर, चंदरपुर, टुकुडांड, दवनकरा, देवनगर, नवगई, प्रतापपुर, पोड़ी, बकिरमा, बतरा, बसदेयी, भैयाथान, रेवटी, रामनगर, रामानुजनगर, लटोरी, शिवप्रसाद नगर में निर्धारित क्षमता से दोगुना अधिक धान जाम हो गया है तथा धान रखने की जगह नहीं बची है। इन उपार्जन केन्द्रों में कभी भी धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है।

हो रही परेशानी

धान उठाव की धीमी गति से समितियों को परेशानी हो रही है तथा जगह के अभाव में दूसरे स्थान पर खरीदी करना पड़ रहा है। उठाव में तेजी नहीं आने पर समस्या और अधिक बढ़ेगी।
-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन प्रबंधक, को-ऑपरेटिव बैंक

धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने टोकन जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

धान खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने तथा जिन किसानों को अब तक टोकन नहीं मिला है, उन्हें शीघ्र टोकन उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में धान खरीदी को लेकर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

कई समितियों में टोकन काटने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके अलावा धंधापुर समिति में 290, राजपुर 818 समिति तथा बरियों समिति में 237 किसानों का अब तक टोकन नहीं कट पाया है, जिसके कारण धान खरीदी नहीं हो पा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि किसान लगातार समितियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष धान खरीदी भी कम की गई है। जांच के नाम पर किसानों को बार-बार परेशान किया जा रहा है। जिन किसानों ने समितियों से ऋण लिया है, उन्हें भी टोकन नहीं दिया जा रहा, जिससे उनकी समस्या और गंभीर हो गई है। धान खरीदी की समय-सीमा समाप्ति के करीब है। यदि समय रहते टोकन नहीं मिले तो किसानों को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दाम पर धान बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि शेष किसानों को शीघ्र टोकन जारी किए जाएं और धान खरीदी की लिमिट बढ़ाकर किसानों का धान क्रय किया जाए।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, राम बिहारी यादव, पार्षद राहुल भारती, विजय सिंह, उमेश यादव, मेघनाथ टेकाम, नेतराम, जयप्रकाश, तेज कुमार, विक्रम यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

दल विशेष से मिला है 50 अतिरिक्त वोट समायोजित करने का निर्देश : सिंहदेव

अंबिकापुर। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनिरिक्षण को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में पूर्व उपमुख्यमंत्री टी0एस0 सिंहदेव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसआईआर को लेकर नियुक्त प्रभारियों के साथ ही कांग्रेस के सभी सांगठनिक ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि एक दल विशेष के द्वारा हाल ही में पार्टी कार्यकर्ताओं को सभी बूथ पर कांग्रेस के 50 वोट कटवाने के साथ ही अपने 50 अतिरिक्त वोट समायोजित करने के निर्देश दिए है। संभवतः इस कार्य में लगे अधिकारियों को भी इस बाबत अनौपचारिक निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके प्रति सतर्कता बरतनी है। उन्होंने बूथ लेबल एजेंट को यह सलाह जारी किया है कि वे अपने बूथों पर बीएलओ से तालमेल कर दैनिक आधार पर आने वाली ऐसी सूची का अवलोकन कर इस कवायद पर नजर रखें एवं ऐसी अनियमितताओं से जिला संगठन को तत्काल अवगत कराएं ताकि इसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने जिला संगठन के साथ ही ब्लॉक कार्यकारिणी और मंडल कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को तत्काल उनके बूथ पर बीएलए के साथ नियुक्त कर कार्य सम्हालने का निर्देश भी दिया है। साथ ही उन्होंने पूरे जिले में नवगठित 94 बूथ पर तत्काल बीएलए नियुक्त करने का भी निर्देश दिया है। मसौदा सूची में बडी संख्या में मतदाताओं के नाम विलोपित होने पर भी उन्होंने अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों के वितरण के समय प्रशासन के द्वारा जारी आंकडों में 99 प्रतिशत गणना प्रपत्रों को वितरित बताया गया था, लेकिन मसौदा सूची जारी होने पर बडी संख्या में अनुपस्थित और अनमैप्ड कैटेगरी में मतदाताओं का नाम विलोपित किया गया जो इस पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न खडा कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि दावा आपत्ती के अंतिम 15 दिन के दौर में कांग्रेस के सभी बीएलए के साथ ही संबंधित बूथ के कार्यकर्ता आम मतदाता के हित में सजग और सतर्कता के साथ कार्य करें। बैठक के संयोजन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को अगामी 2 दिनों के अंदर बूथ स्तर पर कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति कर उनकी सूची भेजने का निर्देश दिया। बैठक को अम्बिकापुर विधानसभा प्रभारी अजय अग्रवाल, लुंड्रा विधानसभा प्रभारी सोमेश्वर सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जेपी श्रीवास्तव, विक्रमादित्य सिंहदेव, राजीव सिंह, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, राजनाथ सिंह, बलराम यादव, मो इस्लाम आदि उपस्थित थे।

धान खरीदी अव्यवस्थाओं के विरोध में दवनकरा समिति में किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

दवनकरा धान उपार्जन केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं,फर्जी ऋण प्रकरण, बोरा घोटाले, तौल में हेराफेरी और आदिमजाति से वास हकारी समिति दवनकरा की मनमानी के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। किसानों की हुंकार का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री आदिवासी कांग्रेस शिव भजन सिंह मराबी ने किया।

- फर्जी लोन, बोरा घोटाला और भ्रष्ट समिति प्रबंधन पर फूटा किसानों का गुस्सा

किसानों का आरोप है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दवनकरा वर्षों से किसानों का शोषण कर रही है और इसके पीछे समिति प्रबंधक संतोष नाविक की भूमिका सबसे संदिग्ध और आपत्तिजनक रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि संतोष नाविक के कार्यकाल में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गई है। किसानों के नाम पर बिना जानकारी के फर्जी ऋण चढ़ाना, धान की गुणवत्ता के नाम पर उलट-पलट करना, घटिया और छलनी बोरे उपलब्ध कराना, तय सीमा से अधिक धान जबरन लेना और किसानों को लाइन में खड़ा परेशान करना रोजमर्रा की बात हो गई है। मौजूद किसानों ने बताया कि समिति प्रबंधक संतोष नाविक के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर अनियमितताओं की जांच हो चुकी है, जो जांच में सही पाई गईं, इसके बावजूद आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिला महामंत्री इम्तियाज जफर ने कहा कि दवनकरा समिति लंबे समय से किसानों के आर्थिक और मानसिक शोषण का केंद्र बनी हुई है। प्रशासनिक चुप्पी ने समिति प्रबंधन के हौसले बढ़ा दिए हैं। प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंह मराबी ने कहा कि क्षेत्रों में किसानों के हक पर डाका किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीदी शासन की सबसे संवेदनशील प्रक्रिया है। धरना-प्रदर्शन के उपरांत प्रदर्शनकारियों द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही धान खरीदी व्यवस्था में सुधार, फर्जी ऋण प्रकरणों की जांच, बोरा व तौल व्यवस्था दुरुस्त करने तथा समिति प्रबंधक को तत्काल पद से हटाने की मांग की गई। इस दौरान रनसाय सोनपाकर, हरि कुशवाहा, सुखलाल, संग्राम देवांगन, छबिलाल, एजाज खान, अशोक शांडिल्य, कमलेश्वर राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

ज्ञापन सौंपते किसान।

आदिवासी महिला की मौत के मामले में आयोग ने दिया 5 लाख मुआवजा देने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डेढ़ वर्ष पूर्व स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी (55वर्ष) की मौत होने के मामले को मानवाधिकार आयोग ने गंभीरता से लिया है। मामले में आयोग ने मृतिका के परिजन को 5 लाख रूपए का मुआवजा देने एवं दो सप्ताह के भीतर इससे आयोग को अवगत कराने के संबंध में 24 जनवरी 2025 तक मामले की रिपोर्ट मांगी है।

- भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने की थी शिकायत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी की जुलाई 2024 में मौत हो गई थी। मामले में परिजन ने स्वास्थ्य अमले पर गंभीर रूप से बीमार शांति मराबी को वार्ड में भर्ती न कर पर्ची पर दवा लिखकर घर रवाना करने का आरोप लगाया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने वस्तुस्थिति से राष्ट्रीय मानवाधिकार को अवगत कराने के साथ ही इसकी शिकायत की थी। पार्षद श्री दुबे की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने कलेक्टर से जांच रिपोर्ट मांगी थी। कलेक्टर ने मामले में अपनी जांच रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं नर्स द्वारा लापरवाही बरतने एवं लापरवाह चिकित्सक व नर्स के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने संबंधी अपनी रिपोर्ट भेजी थी। जांच रिपोर्ट में अनुसूचित जनजाति समाज की महिला की मौत होने के मामले में आयोग ने अपनी टिप्पणी में परिजन को मुआवजा भुगतान करने को न्यायोचित माना है तथा प्रदेश शासन को मृतिका परिजन को 5 लाख रूपए भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने मुआवजा राशि की वसूली संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से वसूल करने का विकल्प दिया है। आयोग ने 24 जनवरी 2026 तक इस संबंध में पूरी रिपोर्ट तलब की है।

कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 7 फरवरी

बलरामपुर। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी दी है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन संस्था के वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 8 जनवरी से 7 फरवरी तक निर्धारित किया गया है। प्रवेश हेतु परीक्षा की तिथि 1 मार्च निर्धारित की गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

जनभावना का सम्मान करते हुए हर वार्ड तक पहुंचेगा विकास : सिसोदिया

अम्बिकापुर। भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता एवं महापौर मंजूषा भगत की उपस्थिति में नगर निगम के पार्षदों, एमआईसी सदस्यों, पालक पार्षदों एवं छाया पार्षदों की बैठक हुई।

बैठक में जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि निगम चुनाव में जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है और बहुमत के साथ हमने निगम में भी सरकार बनाया है, हमें जनभावना का सम्मान करते हुए उन सभी वार्डों में कार्य करना है जहा हम पीछे रह गए हैं। छाया पार्षदों के साथ मिलकर ऐसे वार्डों में जन सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में हम सबको मिलकर कार्य करना है तथा वार्डों में सघन जनसंपर्क कर भाजपा के रीति नीति से प्रभावित लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करना है। चिन्हांकित वार्डों में इसके लिए संगठन ने पालक पार्षद नियुक्त किए हैं जो जनभावना के अनुरूप कार्य करेंगे। महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता शहर के हर वार्ड में समान रूप से विकास पहुंचाना है। चुनाव परिणाम चाहे जैसे भी रहे हो, नगर निगम की जिम्मेदारी सभी नागरिकों के प्रति समान है। पालक पार्षद, पार्षद और छाया पार्षद मिलकर जमीनी स्तर पर समस्याओं की पहचान करेंगे और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनसुविधा, स्वच्छता, मूलभूत ढांचे और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में कोई भी वार्ड उपेक्षित नहीं रहेगा। पीछे रह गए वार्ड फुंदूरडिहारी सेंट्रल वार्ड में छाया पार्षद परमेश सिंह नेताम हैं जहा पालक पार्षद के रूप में डॉ.शिवमंगल सिंह को नियुक्त किया गया है, इसी प्रकार बाल गंगाधर तिलक वार्ड में संजीता खलखो और रविकांत उरांव, पटपरिया वार्ड में आशा कुजूर और अनीता रवीन्द्र भारती, शहीद चन्द्रशेखर वार्ड में लवली ताम्रकार और मनोज गुप्ता, रैदास वार्ड में चंद्रमती कुशवाहा और शशिकांत जायसवाल, गुरूघासी वार्ड में विनोद वर्मा और श्वेता गुप्ता, गुरूनानक वार्ड में टिन्नी बाबरा और विजय सोनी, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में विकास वर्मा और श्वेता गुप्ता, रामानुज वार्ड में संगीता सोनकर और प्रियंका गुप्ता, गुरूघासी दास वार्ड में अमरजीत सिंह छाबड़ा और विपिन पाण्डेय, अग्रसेन वार्ड में शुभम अग्रवाल और मनीष सिंह, डॉ.जाकिर हुसैन वार्ड में विशेष केशरवानी और विशाल गोस्वामी, रफी अहमद किदवई वार्ड में नितिन गुप्ता और हरमिंदर सिंह टिन्नी, नवागढ़ वार्ड में अजय सारथी और जितेन्द्र सोनी, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड में वसीम अंसारी और विकास पाण्डेय, गंगापुर वार्ड में संतोला सिंह और किरण सिंह तोमर तथा विशुनपुर वार्ड के लिए पवन हिमांशु भगत के साथ पालक पार्षद ममता तिवारी को नियुक्त किया गया है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष तथा आभार प्रदर्शन सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, अम्बिकेश केसरी, निलेश सिंह, कमलेश तिवारी, एमआईसी मेम्बर, पार्षद एवं छाया पार्षद उपस्थित थे।